की औसत वार्षिक आय और औसत वार्षिक ऋणग्रस्तता 1951–52 की तुलना में क्या थी ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) और (ख). न्यूनतम मजूरी अधिनियम को कृषि श्रमिकों पर लागू करना मुख्यत: राज्य सरकारों का काम है । भारत सरकार ने अधिनियम को कारगर ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर सुझाव दिए हैं । इसमें न्यूनतम मजूरी को कम से कम 1 रु० प्रति दिन निर्धारित करना, मजूरी में सामयिक संशोधन की प्रक्रिया में सुधार, तथा प्रवर्तन मशीनरी को मजबूत करना शामिल है ।

(ग) श्रम ब्यूरो, शिमला द्वारा प्रकाशित प्रथम और द्वितीय कृषि श्रमिक जांचों के मुख्य निष्कर्षों का सार सभा पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा—देखिये संख्या LT/-6737/66]

दिल्ली में पुलिस और अवैध रुप से शराब बनाने वालों के बीच मुठभेड़

1831. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अप्रैल, 1966 में दिल्ली में कालकाजी के निकट अवैध रूप से शराब बनाने वालों तथा पुलिस अधिकारियों के बीच मुठभेड़ हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ; और

(ग) कितने व्यक्ति घायल हुए और इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां ।

(ख) यह झगड़ा उस समय हुआ जब 70–80 ग्रामीणों ने अवैध शराब के लिये सिकंदर गूजर के घर की तलाशी के लिये जाने वाले पुलिस दल के काम में अड़चन डाली ।

(ग) पांच पुलिस अधिकारी गम्भीर रूप से घायल हुए और पुलिस दल पर आक्रमण करने के आरोप में 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

दिल्ली में पुल मिठाई के निकट अग्निकाण्ड

1832. **श्री रघुनाथ सिंह :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रामेश्वरानन्द :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, 1966 के दूसरे सप्ताह में दिल्ली में लाहौरी गेट क्षेत्र में पुल मिठाई के निकट इमारती लकड़ी की छ: दुकानों में आग लग गई थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि आग के फ़ैल जाने के कारण दो रेलगाड़ियों को रोकना पड़ा था ;

(ग) आग लगने के क्या कारण थे और आग लगने से कितनी हानि हुई ; और

(घ) सरकार का उनको क्या सहायता देने का प्रस्ताव है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) जी हां ।

(ग) आग अचानक लगी थी । कुल मिलाकर लगभग तीन लाख रुपये की हानि का अनुमान है । जान का कोई नुकसान नहीं हुआ ।